# दर्शन करने चले हैं नंद लाल के | By Raju Bawra |

बम बम बम बम बम बम बम भोला
पहना सन्यासी चोला
कंधे झोला अनमोल डाल के
हो दर्शन करने चले हैं नंद लाल के

देव गणों से विदा मांग
शिव गोकुल नगरी आये
मात यशोदा के द्वारे पे
शिव ने अलख जगाये
सुन के मैया ना देर लगाई
दौड़ी दरवाजे आई
थाली मोतियां भर लाई माल के
हो दर्शन करने चले हैं नंद लाल के

बम बम बम बम बम बम बम भोला
पहना सन्यासी चोला
कंधे झोला अनमोल डाल के
हो दर्शन करने चले हैं नंद लाल के

ना चाहिए तेरे हीरे मोती
ना चाहिए तेरी माया मेरी मैया
छोड़ के पर्वत आया मेरी मैया
छोड़ के पर्वत आया
अपने लाल के दरस करा दे
छोड़ के पर्वत आया री मैया
पूरे भए तेरे सपने
मैं भी अब जाऊं तपने
दर्शन करवा दे अपने लाल के
हो दर्शन करने चले हैं नंद लाल के

रंग है तेरा काला पीला
शकल भयंकर भारी
लाल मेरो डर के दहलावे
अभी उमर है वारी
जोगी कैसे लाला दिखलाऊं
मन में मइ अति घबराऊं
पाले क्यों घर पड़वाऊं काल के
हो दर्शन करने चले हैं नंद लाल के

बम बम बम बम बम बम बम भोला
पहना सन्यासी चोला
कंधे झोला अनमोल डाल के
हो दर्शन करने चले हैं नंद लाल के

तू तो यशोदा भई बावरी
क्यों मन में घबरावे मेरी मैया
क्या को हुकुम बजावे मेरी मैया

क्या को हुकुम बजावे
तीनों लोक को नाथ काल भी
ताको हुकुम बजावे री मैया
नाथ त्रिलोक कहाये
तैने ही गोद खिलाये
अक्षर क्या शुभ लिखवाये भाल के
हो दर्शन करने चले हैं नंद लाल के

कान आवाज पड़ी मोहन के
शिव द्वारे पे आये
छोड़ के पालना चले कन्हैया
घुटुवां घुटुवां धाय
ताको दोनों ने नैन मिलाये
मन ही मन में मुस्काये
महिमा के भेद बताये हाल के
हो दर्शन करने चले हैं नंद लाल के

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%b6%e0%a4%a8-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%9a%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%a8%e0%a4%82%e0%a4%a6-%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%b2/